# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## B.Voc.- Retail & Logistics students Management got Internship

**Newspaper: Amar ujala** **Date: 26-10-2021**

# हकेविवि में के 32 विद्यार्थियों को मिली इंटर्नशिप



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के 32 विद्यार्थियों को बिग बाजार, रिलायंस रिटेल, आदित्य बिरला फैशन एंड रिटेल में इंटर्नशिप का अवसर मिला है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पढ़ाई, कौशल विकास, व्यावहारिक प्रशिक्षण को विशेष रूप से महत्व दिया गया है। कुलपति ने बी.वॉक.-रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट के इंटर्नशिप पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास विभाग के समन्वयक डॉ. पवन कुमार मौर्य ने बताया कि इस इंटर्नशिप के माध्यम से विद्यार्थियों को कार्यक्षेत्र से जुड़े पक्षों को जानने में मदद मिलेगी। व सहायक आचार्य डॉ. सुयश मिश्रा ने बताया कि इंटर्नशिप के माध्यम से विद्यार्थियों को कार्यक्षेत्र के अनुभव और उससे संबंधित व्यावहारिक पक्षों को जानने-समझने का अवसर मिलेगा। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 26-10-2021**

# हकेंवि के विद्यार्थियों को मिली इंटर्नशिप

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत उपलब्ध बीवाक-रिटेल एंड लोजिस्टिक्स मैनेजमेंट पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ व्यावहारिक अध्ययन के लिए इंटर्नशिप के अवसर भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में विश्वविद्यालय की ओर से बिग बाजार, रिलायंस रिटेल, आदित्य बिरला फैशन एंड रिटेल के अंतर्गत विश्वविद्यालय के 32 विद्यार्थियों को इंटर्नशिप का अवसर प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पढ़ाई, कौशल विकास व व्यावहारिक प्रशिक्षण को विशेष रूप से महत्व दिया गया है। विश्वविद्यालय भी नई शिक्षा नीति के इन्हीं पक्षों को केंद्र में रखते हुए निरंतर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में अग्रसर है। कुलपति ने बीवाक-रिटेल एंड लोजिस्टिक्स मैनेजमेंट के इंटर्नशिप पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास विभाग के समन्वयक डा. पवन कुमार मौर्य ने बताया कि इस इंटर्नशिप के माध्यम से विद्यार्थियों को कार्यक्षेत्र से जुड़े पक्षों को जानने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि विभाग विद्यार्थियों के प्रशिक्षण हेतु विशेष प्रयास करता है और गत वर्ष भी इसी तरह से आन द जाब प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराए गए। डा. पवन कुमार मौर्य ने बताया कि विद्यार्थियों को मिले इन्हीं अवसरों का नतीजा है कि कोरोना काल के मुश्किल समय में भी विद्यार्थियों को कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से ओम लोजिस्टिक्स व रिलायंस रिटेल सरीखे संस्थानों में रोजगार के अवसर प्राप्त हुए। बीवाक-रिटेल एंड लोजिस्टिक मैनेजमेंट के सहायक आचार्य डॉ. सुयश मिश्रा ने बताया कि इस इंटर्नशिप के माध्यम से विद्यार्थियों को कार्यक्षेत्र के अनुभव और उससे संबंधित व्यावहारिक पक्षों को जानने-समझने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार की राह आसान हो जाती है।



हकेंवि के छात्र अपने शिक्षकों के साथ ● साभार हकेंवि

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 26-10-2021**

# 32 विद्यार्थियों को मिली इंटर्नशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत उपलब्ध बीवॉक, रिटेल एंड लोजिस्टिक्स मैनेजमेंट पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ व्यावहारिक अध्ययन हेतु इंटर्नशिप के अवसर भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में विश्वविद्यालय की ओर से बिग बाजार, रिलायंस रिटेल, आदित्य बिरला फेशन एंड रिटेल के अंतर्गत विश्वविद्यालय के 32 विद्यार्थियों को इंटर्नशिप का अवसर प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पढ़ाई, कौशल विकास व व्यावहारिक प्रशिक्षण को विशेष रूप से महत्त्व दिया गया है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 26-10-2021**

# हकेंवि में बी.वॉक.-रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमैंट के विद्यार्थियों को मिली इंटर्नशिप



*कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।*

महेंद्रगढ़, 25 अक्तूबर (परमजीत/मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत उपलब्ध बी.वॉक.-रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमैंट पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ व्यावहारिक अध्ययन हेतु इंटर्नशिप के अवसर भी उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इसी क्रम में विश्वविद्यालय की ओर से बिग बाजार, रिलायंस रिटेल, आदित्य बिरला फैशन एंड रिटेल के अंतर्गत विश्वविद्यालय के 32 विद्यार्थियों को इंटर्नशिप का अवसर प्राप्त हुआ है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पढ़ाई, कौशल विकास व व्यावहारिक प्रशिक्षण को विशेष रूप से महत्व दिया गया है। विश्वविद्यालय भी नई शिक्षा नीति के इन्हीं पक्षों को केंद्र में रखते हुए निरंतर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में अग्रसर है। कुलपति ने बी.वॉक.-रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमैंट के इंटर्नशिप पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास विभाग के समन्वयक डॉ. पवन कुमार मौर्य ने बताया कि इस इंटर्नशिप के माध्यम से विद्यार्थियों को कार्यक्षेत्र से जुड़े पक्षों को जानने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि विभाग विद्यार्थियों के प्रशिक्षण हेतु विशेष प्रयास करता है और गत वर्ष भी इसी तरह से ऑन द जॉब प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध करवाए गए। डॉ. पवन कुमार मौर्य ने बताया कि विद्यार्थियों को मिले इन्हीं अवसरों का नतीजा है कि कोरोना काल के मुश्किल समय में भी विद्यार्थियों को कैंपस प्लेसमैंट के माध्यम से ओम लॉजिस्टिक्स व रिलायंस रिटेल सरीखे संस्थानों में रोजगार के अवसर प्राप्त हुए। डॉ. सुयश मिश्रा ने बताया कि इस इंटर्नशिप के माध्यम से विद्यार्थियों को कार्यक्षेत्र के अनुभव और उससे संबंधित व्यावहारिक पक्षों को जानने-समझने का अवसर मिलेगा। इस प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार की राह आसान हो जाती है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**


**Public Relations Office**

**Newspaper: Rashtriya Khabar** **Date: 26-10-2021**

# हकेवि में बी.वॉक.-रिटेल एंड लोजिस्टिक्स मैनेजमेंट के विद्यार्थियों को मिली इंटर्नशिप

राष्ट्रीय खबर ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत उपलब्ध बी.वॉक.-रिटेल एंड लोजिस्टिक्स मैनेजमेंट पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ व्यावहारिक अध्ययन हेतु इंटर्नशिप के अवसर भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में विश्वविद्यालय की ओर से बिग बाजार, रिलायंस रिटेल, आदित्य बिरला फैशन एंड रिटेल के अंतर्गत विश्वविद्यालय के 32 विद्यार्थियों को इंटर्नशिप का अवसर प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पढ़ाई, कौशल विकास व व्यावहारिक प्रशिक्षण को विशेष रूप



से महत्त्व दिया गया है। विश्वविद्यालय भी नई शिक्षा नीति के इन्हीं पक्षों को केंद्र में रखते हुए निरंतर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में अग्रसर है। कुलपति ने बी.वॉक.-रिटेल एंड लोजिस्टिक्स मैनेजमेंट के इंटर्नशिप पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास विभाग के समन्वयक डॉ. पवन कुमार मौर्य ने बताया कि इस इंटर्नशिप के माध्यम से विद्यार्थियों को कार्यक्षेत्र से जुड़े पक्षों को जानने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि विभाग विद्यार्थियों के प्रशिक्षण हेतु विशेष प्रयास करता है और गत वर्ष भी इसी तरह से ऑन द जॉब प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराए गए। डॉ. पवन कुमार मौर्य ने बताया कि विद्यार्थियों को मिले इन्हीं अवसरों का नतीजा है कि कोरोना काल के मुश्किल समय में भी विद्यार्थियों को कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से ओम लोजिस्टिक्स व रिलायंस रिटेल सरीखे संस्थानों में रोजगार के अवसर प्राप्त हुए। बी.वॉक.-रिटेल एंड लोजिस्टिक मैनेजमेंट के सहायक आचार्य डॉ. सुयश मिश्रा ने बताया कि इस इंटर्नशिप के माध्यम से विद्यार्थियों को कार्यक्षेत्र के अनुभव और उससे संबंधित व्यावहारिक पक्षों को जानने-समझने का अवसर मिलेगा।